स्पीड न्यूज

## सिंदरी के वरिष्ठ संस्कृत शिक्षक डॉ केके ठाकुर का निधन



सिंदरी । एफसीआइएल सिंदरी के पूर्व संस्कृत शिक्षक सह प्राचार्य डॉ कृष्ण कांत ठाकुर का आकस्मिक निधन रविवार को लगभग ग्यारह बजे सुबह हृदयाघात से हो गया है। उन्हें गंभीर स्थिति में असर्फी अस्पताल ले जाया जा रहा था, तभी यह घटना घटी है। असर्फी अस्पताल के चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया है। उनका पार्थिव शरीर उनके आवास जे 9 में रखा गया है। डॉ के के ठाकुर विद्यापति परिषद सिंदरी के संरक्षक भी थे। सिंदरी चेम्बर ऑफ कामर्स अध्यक्ष दीपक कुमार दीपू, कोषाध्यक्ष दिलीप रिटोलिया व लायंस क्लब सिंदरी कल्ब एडमिनिस्ट्रेटर प्रशांत पाण्डेय ने उन्हें सिंदरी की धरोहर बताते हुए श्रद्धांजलि दी है। डॉ ठाकुर अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र और एक पुत्री छोड़ गये हैं।

## धनबाद : वज्रपात से युवक की मौत

धनबाद। शहर के सरायढेला थाना क्षेत्र अंतर्गत सूगियाडीह में शनिवार की देर रात वज्रपात की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतक का नाम चन्दन यादव था। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि शनिवार की देर रात लगभग बारिश शुरू होने के कारण पानी चंदन यादव के घर में घुसने लगा। जिसके बाद घर में जमा हो रहे पानी को निकालने के लिए वह बाहर निकला था। इसी दौरान तेज आवाज के साथ वज्रपात हुआ। जिससे चंदन यादव का शरीर बुरी तरह झुलस गया। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## लोगों ने सुनीं पीएम के मन की बात

बेरमो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात 103 वां एपिसोड कार्यक्रम डॉ रविंद्र उषा सिंह चैरिटेबल फाउंडेशन के प्रधान कार्यालय फुसरो में भाजपा नेत्री डॉ उषा सिंह ने अपने समर्थकों के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना। मौके पर भाजपा नेता दिनेश सिंह अशोक सिंह अरुण स्वर्णकार रंजन सिंह रामलाल गोस्वामी सुभाष वर्णवाल विनोद सिंह मनोज गोयल अभिषेक सिंह मिथिलेश सिंह रंजीत कुमार आदि उपस्थित थे।

## सबरी माता मंदिर को खतरे में देख कर लोगों ने की बैठक

तेतुलमारी। बाघमारा प्रखण्ड के रेन्गुनी में स्थित है। झारखंड और बिहार में एक मात्र माता सबरी का यह मंदिर जो रेल विभाग द्वारा सीमांकन क्षेत्र में आने से 50 साल पुरानी मंदिर का स्तित्व खतरे में है। इस समस्या से एक तरफ जहाँ समाज के लोग भयाक्रांत हैं वहीं रेलवे के प्रति लोगों में आक्रोश भी व्याप्त है। समाज के सभी संगठनों और उनके अधिकारियों का यह कहना है कि जब यह मंदिर रेलवे की जमीन पर बन रहा था, तब विभाग दारा क्यों नही रोका गया। आज जब इस मंदिर से कई राज्य में रह रहे माता सबरी की आस्था जुड़ चुकी है और अब इसे तोड़ना उचित नहीं है। अखिल भारतीय भुइया समाज कल्याण समिति जिलाध्यक्ष गणेश भुइया ने कहा कि 70 के दशक से ही हमारे समाज के लोग का श्रद्धा, भक्ति समर्पित है।

### झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह की पहल पर जनता को मिलेगा अस्पताल

# 10.30 करोड़ में बनेगा 100 बेड का अस्पताल

खबर मन्त्र संवाददाता

झरिया। झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह का प्रयास लाया रंग । सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाने का रास्ता साफ। कोयला मंत्रालय ने दिया हरा झंडा। लाखों की आबादी को स्वास्थ्य सुविधा का मिलेगा लाभ। अब निजी अस्पताल में जरुरत मंद मरीजों को नहीं लगाना होगा चक्कर । साथ हर बिमारी का सरकारी अस्पताल में जरूरत मंद मरीज का इलाज के लिए रहेगे चिकित्सक। मलमास खत्म होने के साथ ही अस्पताल बनाने का काम होगा शुरू। झारखंड सरकार के आदेश पर प्रबंध सह कार्यपालक अभियंता धनबाद की टीम द्वारा जेलगोड़ा स्टेडियम के पीछे ढाई एकड़ जमीन चिनिहत कर की मापी का कार्य शुरू किया गया । उक्त स्थल पर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 10 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से 100 बेड का अस्पताल बनाया जाना तय है । उक्त कार्य को एक वर्ष की अवधि में पूरा करने के लिए गौतम कंस्ट्रक्शन को जिम्मेवारी दी गई है जोड़ापोखर क्षेत्र में एक मात्र स्वास्थ्य केंद्र चासनाला है ,जो काफी दूर है जेलगोड़ा में स्वास्थ्य केंद्र खुल जाने के बाद क्षेत्र के मरीजों को काफी फायदा मिलेगा भूमि चिन्हित करने वालो में कार्यपालक अभियंता बिहारी प्रसाद ने कहा कि अस्पताल के निर्माण में सरकार के दिशा निर्देश का पालन करते हुए गुणवक्ता में ध्यान दिया जाएगा ताकि क्षेत्र की जनता को सुख सुविधा से लैस अस्पताल मुहैया कराया जायेगा।

### अस्पताल के लिए 5.5 एकड़ जमीन बीसीसीएल ने सौंपा



विधायक श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह गुरुवार 7 अक्टुबर 22 को झरिया विधानसभा क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सहित अन्य समस्या पर बीसीसीएल के प्रभारी सीएमडी पीएस प्रसाद के साथ वार्ता की । विधायक ने एक मांग पत्र सौपकर अस्पताल के लिए जमीन का अनापत्ति प्रमाण पत्र का मांग की । विधायक ने सीएमडी को देये पत्र में कहा है को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झरिया हेतु जेलगोरा में प्रशासन द्वारा खाता संख्या 107, प्लाट नबंर 264 रकबा 5 .50 एकड जमीन का चयन किया गया है. इस सबंध में अंचलाधिकारी झरिया द्वारा पत्रांक संख्या 1524 दिनांक 5 अक्टूबर के माध्यम से लोदना महाप्रबंधक से उक्त जमीन पर अस्पताल बनाने को लेकर अनापत्ति प्रमाण पत्र का मांग की है । विधायक ने सीएमडी से एन ओसी दिलाने का मांग की. साथ ही जिले के एक मात्र क्रिकेट स्टेडियम जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम जेलगोरा के बुनियादी ढांचे के विकास और रखरखाव हेतु धनबाद क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा प्राप्त मांग पत्र पर विचार करने के संबंध में जहाजटांड में जर्जर पथों के निर्माण कराने व रैयतों को भूमि के बदले नियोजन देने की दिशा में त्वरित कार्रवाई करने ,चांदमारी में सड़क के निर्माण व बीसीसीएल का सीएसआर मद से क्षेत्र में जनकल्याणकारी कार्यों की रूपरेखा तैयार कर जल्द से जल्द अमल करने को लेकर विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने सीएमडी से मांग की । जिस पर सीएमडी ( प्रभारी) पीएस प्रसाद ने जल्द ही उचित कदम उठाने का बात कहा।

## मारवाड़ी युवा मंच ने किया बाल कांवर यात्रा का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

चिरकुंडा। चिरकुंडा राउंड टेबल इंडिया एवं मारबाड़ी युवा मंच चिरकुंडा शाखा द्वारा रविवार सुबह सुबह बाल कावर यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के सैकड़ो बच्चों ने हिस्सा लिया। यात्रा का शुभारंभ बराकर नदी घाट से पुरोहित द्वारा पूजा अर्चना एवं कावड़ में जल भरकर किया गया। यात्रा में बच्चों के साथ साथ माता पिता भी काफी संख्या में जुटे। सभी भगवान शिव की भेषभूषा ने नजर आए। जैसे ही यात्रा बराकर नदी से निकली सभी बोल बम के नारे लगाते हुए आगे बढ़ने लगे। सवा किलोमीटर चलकर बच्चे चिरकुंडा ठाकुरबाड़ी शिव मंदिर में चल चढ़ाया। चिरकुंडा क्षेत्र कुछ समय के लिए देवघर में तब्दील हो गया। यात्रा के सामने डीजे में भक्ति गीत एवं भगवान शिव को सजा कर आगे आगे ले जाया जा रहा था। उसके पीछे पीछे सभी नाचते गाते ऊपर बाजार स्थित शिव मंदिर पहुंचे। जहां सभी बच्चों ने भगवाव शिव पर जल चढ़ाया। कार्यक्रम का अंत सभी बच्चों को खाना खिलाकर किया गया। मौके पर राउंड टेबल इंडिया के अध्यक्ष आकाश बंसल एवं मारबाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने बताया कि यह लगातार दूसरी वर्ष मनाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि आज के बच्चे अपने सनातन धर्म से दूर होते जा रहे है। इन्हें धर्म के बारे में जायदा से जायदा जानकारी हो। कांवरिया बन कर आज के पीढ़ी के बच्चों में यह ज्ञान देना ही मुख्य उद्देश्य है।

## विस्थापितों को रोजगार नहीं मिला, तो होगा आंदोलन : राजेद्र



खबर मन्त्र संवाददाता

कतरास। एमडीओ के तहत सलानपुर कोलियरी निजी हाथों में सार्वजनिक कोयला उपक्रमों का निजी मालिकों को देने से युवाओं में आक्रोश है। रविवार को मजदूर सह झामुमो नेता राजेन्द्र प्रसाद राजा की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित कि गई । जिसमें सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण युवक,विस्थापित एवं स्थानीय लोग शामिल हुए. बैठक का संचालन झामुमो के युवा नेता अमर बाउरी ने किया।राजेन्द्र प्रसाद राजा एमडीओ मोडल के बारे विस्तार से जानकारी दी। और कहा कि विस्थापित एवं स्थानीय बेरोजगार युवकों को शत प्रतिशत नियोजन देने की मांग की गई।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दिनांक 08-08-2023 दिन 11बजे से सलानपुर कोलियरी में प्रदर्शन कर मांग-पत्र प्रबंधन को सौंपा जाएगा। 9-अगस्त-2023 को धनबाद में मजदूरों के महापड़ाव कार्यक्रम में भी शामिल होने का निर्णय लिया गया है।

### बैठक में ये लोग थे मौजूद

बैठक को केन्द्रीय सचिव बीसीकेयू सह झामुमो नेता कंचन महतो, पूर्व मुखिया सुरेश महतो,पूर्व प्रखंड सचिव मोना महतो, छोटे लाल दास, रुपा कुम्हार झामुमो पंचायत अध्यक्ष संजय महतो एवं साजन महतो, पंचायत सचिव प्रदीप कुमार महतो एवं संदीप कुमार बाउरी, दिनेश कुमार महतो, शक्ति महतो, सीमंत महतो, प्रवीण कुमार, कमल दास, धनंजय महतो, अजीत दास, राकेश महतो, अजय बाउरी, अर्जुन कुमार, समर बाउरी, हरिश बाउरी, सुनील कुमार, रुपेश महतो, जितेन्द्र दुबे, सुरेश बाउरी, ढुलू बाउरी, संजय राजवार, रैना बाउरी सहित दर्जनों साथियों ने सम्बोधित किया।

## मुहर्रम कमेटी अखाड़ा दल ने किया सम्मान समारोह

कुमारधुबी। कुमारधुबी बाघा कुड़ी में शिवली बाड़ी दक्षिण पंचायत की मुखिया को शनिवार को मोहर्रम के अवसर पर कुमारधुबी बाघा कुड़ी मोहर्रम कमेटी अखाड़ा दल के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें एग्यारकुंड प्रखंड शिवलीबाड़ी दक्षिण पंचायत की मुखिया चंचल देवी को अखाड़ा दल के सदस्य ने अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत किया। वही कुमारधुबी ओपी प्रभारी संदीप कुमार यादव को कमेटी के सदस्यों ने पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत किया। वही कमेटी के सदस्यों ने रॉकेट लॉन्चर मिसाइल की एक हैरतअंगेज दृश्य भी निकाली । उसके बाद शाम ताजिया जुलूस निकाला गया।

एक नजर में

## मुखिया ने किया धोती-साड़ी का वितरण



बोकारो/कसमार। कसमार प्रखंड के खैरा चातर पंचायत में झारखंड सरकार की सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत खैराचातर मुखिया विजय जायसवाल ने मेरामहारा तथा खैराचातर जन वितरण दुकान के लाभुकों के बीच धोती साड़ी का वितरण किया। मौके पर मुखिया श्री जायसवाल ने कहा कि सरकार द्वारा गरीब लाभुकों को धोतीए साड़ी का वितरण किया जाता है जिससे वह समाज में सम्मान के साथ रह सके तथा उनकी जरूरतें पूरा हो सके। इस दौरान उन्होंने कहा कि पंचायत क्षेत्र में जन वितरण योजना के तहत पारदर्शिता के साथ लाभुकों को चावल का वितरण भी किया जाता है। उन्होंने लाभुकों तथा आमजन को सरकारी योजनाएं की निगरानी की सलाह दी। कार्यक्रम में जन वितरण विक्रेता श्री मांझीए भागीरथ कपरदार एकुमार गौरव आदि उपस्थित थे।

## झरिया के मातृ सदन अस्पताल में लगा डिजिटल अल्ट्रासाउंड मशीन

झरिया। मारवाड़ी सम्मेलन ट्रस्ट द्वारा संचालित मातृ सदन में रविवार को डिजिटल अल्ट्रा सोनो ग्राफी मशीन का विधिवत शुरूआत की गई। जिसका उद्घाटन धनबाद के सांसद पशुपति नाथ सिंह, पूर्व सम्मेलन अध्यक्ष रतन लाल अग्रवाल,जय प्रकाश देवरालिया, वर्तमान अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने संयुक्त रूप से फीता काट कर एवम नारियल फोड़ कर की। इस दौरान सांसद ने कहा कि मारवाड़ी समाज जन सेवा कार्य में वर्षो से लगा हुआ है। चाहे वह स्वास्थ्य हो या फिर शिक्षा का क्षेत्र हो निरंतर प्रयास कर रहा है। न्यूनतम खर्च लोगों को बेहतर से बेहतर सुविधा कैसे दिया जाए। इसी कड़ी में समाज ने डिजिटल अल्ट्रा सोनो ग्राफी मशीन लगाया है। ताकि मरीजों को बाहर नहीं जाना पड़े। अस्पताल प्रबंधन की जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम है। समाज के लोग बधाई पात्र है। इस अवसर पर अस्पताल के मरीजों के बीच फल का वितरण किया गया। मौके पर डा.आर प्रसाद, डा. अप्सरा, डा नंदन, डा. विनीत अग्रवाल, अरुण बंसल, रमेश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, हरीश राठी, अमित अग्रवाल, हेमंत अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, गणेश अग्रवाल, प्रमोद जालुका, अनूप अनूप लीलहा के अलावे मातृ सदन के कर्मी मौजूद थे।

## धमन भट्टी के नये स्किप ड्राइव सिस्टम का प्रशिक्षण

बोकारो। धमन भट्टी विभाग के मानव संसाधन विकास कक्ष में धमन भट्टी संख्या . 04 के नए स्किप ड्राइव सिस्टम पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक ;धमन भट्टीद्ध के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नए स्किप ड्राइव सिस्टम के बारे में विस्तृत रूप से तकनीकी जानकारियों को साझा किया गया। कार्यक्रम में धमन भट्टी ;विद्युतद्ध अनुभाग के अधिकारीगण तथा कर्मचारी शामिल थे। कार्यक्रम में धमन भट्टी के महाप्रबंधक रंजीतए महेंद्र प्रसाद तथा ईटीएल विभाग के महाप्रबंधक बसंत केशवए सहायक महाप्रबंधक मंतोष कुमार का सराहनीय योगदान था।

## सिंदरी की सुंदरता को बिगड़ने नहीं दिया जायेगा : सांसद

सिंदरी । एफसीआइएल सिंदरी के द्वारा जारी नोटिस की तुगलकी फरमान सुनाए जाने के बाद सिंदरीवासियों में हड़कंप मचा हुआ है। इसकी लड़ाई लड़ने के लिए सिंदरी के बुद्धिजीवियों ने संयुक्त मोर्चा का गठन कर सिंदरी विधायक पत्नी तारा देवी के साथ धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह से रविवार को उनके आवास पर मुलाकात की। संयुक्त मोर्चा के सदस्यों ने सिंदरी में आए भूचाल से उन्हें अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा और सार्थक पहल के लिए अपील की।

संयुक्त मोर्चा में सिंदरी के राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, चेम्बर ऑफ कामर्स सदस्य सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने मिलकर संयुक्त मोर्चा का गठन शनिवार को किया था। संयुक्त मोर्चा के तले सिंदरी के झुग्गी झोपड़ी निवासियों सहित गणमान्य व्यक्तियों ने एकसुर में सांसद से सिंदरी को उजड़ने से बचाने की गुहार लगाई। सिंदरीवासियों ने कहा कि ऐतिहासिक नगरी सिंदरी में सभी प्रांत के लोग सौहार्दपूर्ण ढंग से रहते हैं। इसकी एकता को सुदृढ़ बनाने के लिए सांसद ने आश्वस्त किया कि सिंदरी की सुंदरता को बिगड़ने नहीं दिया जाएगा। संयुक्त मोर्चा सदस्यों ने बताया कि सांसद ने एफसीआइएल प्रबंध निदेशक से तत्काल प्रभाव से नोटिस बंद करने का आग्रह किया है। प्रबंध निदेशक ने कहा कि इसपर गंभीरता से विचार किया जाएगा। सांसद ने लोगों को दिल्ली आकर मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात करने की बात कही।

## सीमेंट, चीनी बनाने की कंपनी डालमिया भारत फाउंडेशन ने जुबिलेंट भरतिया से की साझेदारी

खबर मन्त्र संवाददाता




बोकारो। सीमेंट और चीनी निर्माण क्षेत्र की कंपनी डालमिया भारत लिमिटेड की सीएसआर शाखा डालमिया भारत फाउंडेशन ने क्विक सर्विस रेस्तरां परिचालन में ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षित करने हेतु खाद्य सेवाए औषधिए जीवन विज्ञान जैसे विविध क्षेत्रों में व्यावसायिक रुचि रखने वाले जुबिलेंट भरतिया ग्रुप की सीएसआर शाखाए जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन के साथ साझेदारी की है। एमओयू पर हस्ताक्षर करके क्यूएसआर उद्योग में रोजगार के अवसर और स्थायी आजीविका को नया आयाम देने का प्रयास किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम 18 स्थानों में स्थित डीबीएफ के दीक्षा केंद्रों में संचालित किये जाएंगे। डीबीएफ का लक्ष्य वित्त वर्ष 2024 में 3600 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित करना है। जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन ऑन द जॉब ट्रेनिंग के अवसर प्रदान करेगा जिसमें प्रशिक्षुओं को स्टाइपेंड एवं प्रमाण.पत्र दिया जाएगा। डीबीएफ के सीईओ अशोक के गुप्ता ने कहा कि हम समावेशी विकास को बढ़ावा देने तथा हमारी सेवा पाने वाले समुदाय में सकारात्मक प्रभाव पैदा करने के लिए समर्पित हैं। भरतिया ग्रुप के वाइस प्रेसिडेंट और हेड.सीएसआर विवेक प्रकाश ने कहा कि जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन में हम युवा लोगों को कार्यबल में उनकी सफलता के लिए जरूरी कौशल विकसित करने के समान अवसर प्रदान करने के प्रति वचनबद्ध हैं।

## धनबाद में पेड़ कटाई से बिगड़ गया है पर्यावरण संतुलन

### पेड़ कटाई को लेकर ग्रामीण एकता मंच की प्रेस वार्ता



खबर मन्त्र संवाददाता

पुटकी। ग्रामीण एकता मंच के गोपालीचक स्थित कार्यालय में केंद्रीय अध्यक्ष रंजीत सिंह उर्फ बबलू सिंह ने प्रेस वार्ता करते हुए कहे कि आज धनबाद जिले में निरंतर बृक्षों की कटाई के कारण पर्यावरण का असंतुलन बृहत पैमाने पर बढ़ चुका है।जिसका नुकसान आम जनता पर पड़ रहा है।जिसके कारण बेहद गर्मी,हेवी हिट वेव के साथ बारिस के मौषम में न्यूनतम से भी काफी कम मात्रा में बारिस हो रही हैं। इन सब का एक ही कारण है।अंधाधुन बृक्ष कटाई वही बीसीसीएल एवं एसएनआर-एसआई-वीएसए आउटसोर्सिंग कम्पनी के द्वारा बीसीसीएल पीबी एरिया-7 अंतर्गत लगे हरे-भरे बृक्षों को काटकर नष्ट किया जारहा है। पूरे धनबाद जिले के लोगो को प्रदूषण एवं पर्यावरण का असंतुलन से उतपन्न परेशानीयो के रूप में खमीयाजा भुगतना पड़ सकता है।बीसीसीएल के क्षेत्र मे लोगो को समय के पूर्व ही अकाल मृत्यु के गाल में समा जाने का समाना करना पड़ सकता है। इन सभी को लेकर हमारी संस्था वर्ष 2008 से बीसीसीएल एवं आउटसोर्सिंग कम्पनी के द्वारा पर्यावरण को नष्ट करने को लेकर आवाज उठाते रही है।वर्ष 2008 में बीसीसीएल बिना अनुमति के अवैध तरीका से हरे-भरे भारी बृक्षों को काटने के सम्बंध में माननीय उच्च न्यायालय में याचिका दायर स0-डब्लूपी( पीएसीएल )न0-3633 में न्यायलय द्वारा बीसीसीएल को निर्देश दिया गया कि बिना अनुमति के बृक्ष नही काटे लेकिन 2500 बृक्षों को काट दिया गया। वही 2019 में गोपालीचक नेहरू पार्क के समीप ओबी डंप पर वन विभाग के द्वारा 17500 बृक्षों में से 10000 बृक्षों को बिना अनुमति के नष्ट कर दिया। जिसका लिखित आवेदन जिला के विभिन्न पदाधिकारीयो को दिया मगर कोई करवाई नही हुई।वही बीसीसीएल के द्वारा गोपालीचक में ओ0बी0 डंप पर बने पार्क का निर्माण लाखो रूपया खर्च कर बनाया गया।

## कसमार के खैराचातार में सघन पौधरोपण कार्यक्रम

बोकारो। स्वच्छ भारत अभियान बोकारो जिला भाजपा के सह संयोजक तुलसी जायसवाल द्वारा कसमार प्रखंड के खैराचातार ग्राम में सघन वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित कर प्रकृति को बचाने और पर्यावरण को संरक्षित रखने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्स्वच्छ भारत अभियानश्ए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संयोजक शशि भूषण ओझा श्मुकुलश ने कहा कि प्रकृति से ही हमारा जीवन है और इसे बचाने के लिए सबों को संकल्प लेना होगा । पेड़ों से जीवनदाई ऑक्सीजन प्राप्त होता है साथ ही वर्षा भी इसी के कारण होती है।

## बोकारो : बेटी ने निभाया पुत्र धर्म, पिता को दी मुखाग्नि

खबर मन्त्र संवाददाता



बेरमो। बोकारो-बेरमो के प्रसिद्ध व्यवसायी सह समाजसेवी संजीत सिंह (45 वर्ष) के निधन के बाद रविवार को उनकी पुत्री अनन्या सिंह ने चास गरगा नदी श्मशान घाट पर मुखाग्नि देकर समाज में एक मिसाल कायम की है। पुत्री द्वारा मुखाग्नि दिए जाने का गवाह उनकी शव यात्रा में शामिल बोकारो-बेरमो के दर्जन भर लोग बने। वहीं पुत्री ने पिता को मुखाग्नि देकर पुत्र धर्म निभाया। समाजसेवी संजीव सिंह का शनिवार को दिल्ली के मैक्स अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया था। निधन की खबर मिलते ही बोकारो और बेरमो में शोक की लहर दौड़ पड़ी। संजीव सिंह के बोकारो के बारी कोऑपरेटिव स्थित आवास में शव आते ही मातम छा गया। आवास के बाहर उनके अंतिम दर्शन के लिए हुजूम उमड़ा पड़ा। उनके पार्थिव शरीर को सैकड़ों लोगों ने श्रद्धांजलि दी। दिया। फुसरो नया रोड स्थित अनन्या होंडा शोरूम के संजीव सिंह मालिक थे। बोकारो-बेरमो के कई दोपहिया वाहन डीलर रविवार को अपने शोरूम बंद रखे। रविवार को चास स्थित श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### अंतिम संस्कार में शामिल हुए लोग

अंतिम यात्रा में बोकारो विधायक बिरंची नारायण, डीटीओ संजीव कुमार, पलामू के कमिश्नर जायसवाल, पूर्व मेयर भोलू पासवान, जलेश्वर साव, समाजसेवी कृष्णा सिंह, भाजपा नेता दिनेश सिंह, फुसरो हीरो शो रूम के केतन अग्रवाल, सैमसंग स्मार्ट प्लाजा के पिंटू सिंह, इनमौसा नेता विजय कुमार सिंह, कोयला व्यवसाई सुनील सिंह, गुडडु सिंह, अभय कुमार सिंह, पत्रकार अरविंद कुमार व नंदलाल सिंह, वेंडर अरविंद कुमार सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

# झरिया के लिलोरी पत्थरा में धड़ल्ले से हो रहा कोयले का अवैध धंधा

### चौहान, रवानी की जोड़ी करता है संचालन

खबर मन्त्र संवाददाता

झरिया। कोयलांचल झरिया, घनुडीह, लोदना ओपी क्षेत्र में चलता है कोयला तस्कर के चौहान का नाम का सिक्का। ट्रक हर रोज अवैध कोयला टापने का खेल बदस्तूर जारी है। क ई सफेद पोस कोयला तस्कर के चौहान का तरफदारी करने में लगे है। जिसका जैसा कद उसके हिसाब से मिलता है चढावा। कोयला तस्कर के इशारे पर बालू गद्दा , लिलोरी पत्थरा, धनुडीह क्षेत्र में बंद परियोजना से अवैध उत्खनन व आसपास के कोलडंप से कोयला चोरी कर तय स्थान पर जुटाया जाता है। जिसे वाहन पर लोड कर फर्जी कागजात के सहारे तस्कर द्वारा पश्चिम बंगाल, यूपी के मंडियों सहित बलियापुर में संचालित अवैध कोलडंप में भेजने का गोरखा धंधा खुलेआम चलाया जाता है।

### सुरक्षा कवच काट कर होती है कोयला तस्करी



माइंस के अंदर काम करने के कई सुरक्षा के मानक है। जोकि किसी भी समय हादसा को आमंत्रित करता है। यदि समय रहते जिला प्रशासन व बीसीसीएल प्रबंधन नहीं रोक लगाया तो बडा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। । सबसे बड़ी बात कि खतरनाक क्षेत्र घोषित किया है। लेकिन फिर भी अवैध उत्खनन यहां धड़ल्ले से जारी है। अवैध के अंदर रखी बोरियां इस बात की ओर इशारा कर रही है ।कि यहां अभी-भी कोयले की अवैध रूप से कटाई की जा रही है. इन बोरियों में कटाई का कोयला भरा हुआ है. कुछ खाली बोरे भी यहां बिखरे पड़े देखे जा सकता है। गरीबों ने थोड़े पैसे के लिए लोग मौत से दो दो हाथ करने में जुटे है। कोयले की कटाई में लगे लोगों को अपनी जान तक गंवानी पड़ जाती है ।लेकिन कोयले की गाढ़ी कमाई बड़े अवैध कारोबारियों का शौक बढाने में चली जाती है।ट्रकों के जरिए यह कोयला बिहार यूपी और बंगाल की मंडियों में खपाया जाता है। यहां छापेमारी के नाम पर खाना पूर्ति किया

### पेट की आग बुझाने में मौत को गले लगाते हैं गरीब

बताते है कि गरीबी का दंश झेल रहे दर्जनों परिवार पेट की आग बुझाने के लिए मौत को गले लगा लेते है। तस्कर के इशारे पर माइंस के अंदर कोयले की कटाई करते हुए कई मुहाने बना रखा है। जोकि बीसीसीएल प्रबंधन व निजी कोयला कंपनी द्वारा सुरक्षा को लेकर पीलड छोडा गया था। उसे कोयला चोर काट रहे है।. धीरे-धीरे यह इसी तरह खोखला होता चला जाएगा। कोयले की कटाई के दौरान बांस और बल्लियों के सहारे माइंस के ऊपरी हिस्से को नीचे से सपोर्ट दिया गया है। जिन स्थानों से भी कोयले की कटाई की गयी है ।उन स्थानों पर बांस सपोर्टिंग के लिए लगा दिया गया है ताकि ऊपरी हिस्सा नीचे ना गिरे और किसी तरह का हादसा ना हो। लेकिन अब तक अवैध खनन के दौरान दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है।

### सरकार का राजस्व डकार जाते हैं तस्कर

स्थानीय पुलिस, सीआईएस एफ व बीसीसीएल प्रबंधन व खनन विभाग के सह पर रोज सैकड़ों टन कोयला खनन कर तस्कर बाहर भेजने सफलता हासिल की। वही राज्य सरकार, केन्द्र सरकार को राजस्व व बीसीसीएल को आर्थिक नुक्सान पहुचाने के साथ खाकी, खादी हो रहे माला माल । खना पूर्ति के लिए कभी कभी उत्खनन स्थल का भराई कर अपनी जिम्मेदारी निभाते रहते है।

## स्पीड न्यूज

### आजीविका कर्मचारी संघ की बैठक संपन्न


बैठक करते संघ के लोग।

**बालूमाथ।** बालूमाथ होटल लोटस हट में रविवार को झारखंड राज्य आजीविका कर्मचारी संघ की बैठक जिला अध्यक्ष विपिन कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में पांच बिंदुओं पर चर्चा की गई जिसमें कर्मचारियों को स्वास्थ्य बीमा अभिलंब बहाल करना, महंगाई भत्ता एवं यात्रा भत्ता में नियमित वृद्धि करना, जेएसएलपीएस के कर्मियों की सेवा नियमित करने एवं अन्य विभागों का लाभ देना, जेएसएलपीएस के तहत कार्यरत कर्मियों को पदोन्नति व आरक्षण देना समेत कई मांगे शामिल है। इस बैठक में जिला सचिव अनिल कुमार, मीडिया प्रभारी संजय यादव, बालूमाथ मॉडल राजन यादव, विवेक कुमार, अखिलेश सिंह, घनश्याम तूरी, अशेश्वर कुमार, आशीष कुमार, मोहन कुमार, अनिल कुमार, दिलीप कुमार प्रतिमा देवी समेत कई लोग मौजूद थे।

### तेज आंधी और बारिश के बीच पेड़ गिरने से एक युवक घायल

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के नावाडीह ग्राम में रविवार को तेज बारिश और आंधी के बीच एक घर में पेड़ गिर जाने से एक युवक घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार इसराफिल अंसारी 28 वर्ष पिता इब्राहिम अंसारी ग्राम नवाडीह थाना बारियातु निवासी अपने बाहर खड़ा था। इसी दौरान आंधी और बारिश के बीच घर के सामने लगा पेड़ युवक पर जा गिरा। जिसके नीचे दबने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वही इस दुर्घटना में पेड़ के नीचे बंधे दो मवेशी भी दबकर घायल हो गए। वहीं घर भी छतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद घायल युवक को स्थानीय लोगों के सहयोग से पेड़ की टहनियों को काटकर निकाला गया और बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया।

### रामप्यारे साहु बने राष्ट्रीय तेली साहु महासंगठन के जिला अध्यक्ष


रामप्यारे साहु।

**लातेहार।** राष्ट्रीय तेली साहु महासंगठन का लातेहार जिला अध्यक्ष रामप्यारे साहु को बनाया गया है। महासंगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार साहु ने इस आशय का पत्र जारी किया है। रामप्यारे साहु को लातेहार जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर यहां तेलिक समाज ने प्रसन्नता जाहिर की है। समाज के राजू रंजन प्रसाद, आदित प्रसाद, मुरारी प्रसाद साहू, कन्हाई प्रसाद साहू, पुरुषोत्तम साहू, चंदन साहू, बाढ़ु साव, राजू साव, राजेंद्र प्रसाद, राजू रंजन प्रसाद, सुनील कुमार, बद्री प्रसाद, विशाल चद्र साहु, उपेंद्र प्रसाद, रामदेव प्रसाद, पंचम प्रसाद, उदित प्रसाद, मुंशी साव, कौशल किशोर प्रसाद व पच्चु साव आदि का नाम शामिल है।

### करंट लगने से बिजली मिस्त्री गंभीर रूप से झुलसा

**बेतला।** बरवाडीह प्रखंड के बेतला पंचायत अंतर्गत छोटकी पोखरी निवासी सकेंद्र यादव लाइन बनाने के क्रम में करंट लग गया। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों के मदद से बरवाडीह अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर ईलाज के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच अस्पताल भेज दिया गया है। बताते चलें मोहर्रम जुलूस के दौरान बिजली क्षेत्र में काट दी गई थी। जिससे रविवार को दुरुस्त करने के दौरान बिजली मिस्त्री को करंट लग गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। बताते चलें बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय में ना तो बिजली विभाग के जेई रहते हैं और ना ही एसडीओ, दैनिक वेतन भोगी बिजली कर्मियों के भरोसे बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र में बिजली के कार्य किए जाते हैं,जिससे बिजली कर्मियों के साथ-साथ ग्रामीणों में भी काफी आक्रोश देखा जा रहा है।

### भाजपाइयों ने पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में रविवार को भाजपा कार्यकताओं ने पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा के निर्देश पर बालूमाथ प्रखंड के मुरपा, मारंगलोइया, झाबर, धाधु, भगिया, रजवार, मासियातु समेत कई पंचायतों में मन की बात कार्यक्रम को सुनने के लिए टीवी लैपटॉप रेडियो की व्यवस्था की गई थी। जिसके माध्यम से लोगों ने मन की बात कार्यक्रम को सुना। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के नागरिकों से अपील करते हुए देश को सशक्त बनाने की अपील किया गया और देश की सशक्तिकरण को लेकर अपने विचार रखें। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, मंडल महामंत्री रामकुमार गुप्ता, विजय यादव, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष, रघुनंदन सोनी, सोहराय भगत,लखन महतो मनोज यादव, थॉमस कुजूर, नरेंद्र रजक, भारत नारायण तिवारी, राजकुमार तिवारी, राजन लाल, अनिल प्रजापति, विशाल तिवारी, तुलसी प्रसाद समेत कार्यकताओं ने मन की बात कार्यक्रम को सुना।

# रहस्य बना चकला में उमेश पासवान की संदेहास्पद स्थिति में मौत का मामला

- पुराने घर में एस्बेस्टस की छत चढ़ाने के दौरान दीवार गिरने से मौत होने की बात कह रहे परिजन
- दूसरी ओर, अभिजित प्लांट में लोहा चोरी के दौरान चैनल सहित दीवार गिरने से मौत होने की चर्चा
- मामले को लेकर प्लांट प्रबंधन और प्रशासन ने भी साधी चुप्पी


रोती-बिलखती मृतक की माता व मौजूद ग्रामीण।


अभिजीत प्लांट का सीएचपी एरिया जहां से हो रही है चोरी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चकला पंचायत के बेलवाटिकर गांव निवासी उमेश पासवान (35) पिता लगनु पासवान की दीवार गिरने से संदेहास्पद मौत का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि उमेश चकला स्थित अभिजीत ग्रुप के अर्धनिर्मित पावर प्लांट में बतौर गार्ड काम करता था। मौत को लेकर क्षेत्र में चचाओं का बाजार गर्म है साथ हीं संशय व रहस्य भी बरकरार है। एक ओर ग्रामीण सूत्रों की माने तो मृतक उमेश शनिवार की दोपहर प्लांट के सीएचपी एरिया में चोरी करने घुसा था। वहां दीवार में लगे चैनल को वह खोल रहा था, एकाएक लोहे का चैनल व पूरी दीवार ही उसके उपर गिर गयी, जिसमे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में उसे कुछ लोगों के द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया, जहां से उसे रांची रेफर कर दिया गया था। रांची जाने के क्रम में ही उसकी मौत हो गई। इसके बावजूद लोग उसने शव को लेकर रांची के विभिन्न अस्पतालों का चक्कर काटते रहे। घटना की जानकारी को लेकर पत्रकारों की टीम जब गांव पहुंची तो मृतक के परिजन इस घटना से पूरी तरह इंकार कर दिया। गांव में मौजूद परिजनों का कहना था कि उमेश अपने पुराने घर में एस्बेस्टस सीट चढ़ा रहा था। इसी बीच एस्बेस्टस सीट टूट गई व दीवार भी गिर गई।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। हालांकि परिजन के अनुसार बताए घटनास्थल का दौरा करने पर यह मामला कहीं से भी सच प्रतीत नहीं हो रहा था। क्योंकि घटना स्थल पर बिखरे ईंट पूरी तरह से सूखे हुए जबकि शनिवार की रात क्षेत्र में भारी बारिश हुई थी। ऐसे में कैसे संभव है कि भारी बारिश होने के बाद भी ईट व मिट्टी गीली न हो? इससे प्रतीत हो रहा था कि मनगढ़ंत घटना को सच दिखाने के नियत से रविवार को दीवार को जबरन गिराया गया है तथा एस्बेस्टस सीट भी कहीं से लाकर तोड़ी गई है ताकि घटना स्थल यहां दिखाया जा सके। इधर मामले को लेकर पूछे जाने पर प्लांट प्रबंधन व प्रशासन भी अपना पल्ला झाड़ती नजर आयी। प्लांट हेड बीसी साहू ने पूछे जाने पर बताया कि ऐसी किसी घटना की जानकारी उन्हें नही है। वहीं इंस्पेक्टर बबलू कुमार भी मामले को लेकर अनभिज्ञता जाहिर की। हालांकि सूत्रों को माने तो पुलिस की टीम ने रिम्स रांची में मृतक की पत्नी का फर्द बयान ले लिया है। खबर लिखे जाने तक मृतक का शव चंदवा नहीं पहुंचा था। बता दें कि चकला प्लांट में विगत कई माह से चकला के अभिजीत प्लांट से लोहा चोरी का सिलसिला लगातार जारी है। मीडिया द्वारा लगातार चोरी का मुद्दा उठाये जाने व भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव के द्वारा चोरी को लेकर सवाल खड़े किए जाने के कारण चंदवा में इनदिनों चोरी का स्क्रैप पहुंचना कुछ कम हो गया, जिसके बाद चोर गिरोह के लोग लोहा को बालूमाथ के कबाड़ी दुकान में खपाने लगे। सूत्रों की माने तो साठ-गांठ के साथ वर्तमान में प्रति दिन 25-30 टन स्क्रैप को खपाया जा रहा है। लोगों का आरोप है कि चोरी के इस धंधे में चोर गिरोह को प्रशासन का संरक्षण प्राप्त है।

# मणिपुर हिंसा के विरोध में आदिवासी संगठनों ने निकाला आक्रोश मार्च

**राष्ट्रपति शासन लागू कर आदिवासी समाज पर हो रहे अत्याचार को रोकने की मांग की**


विरोध प्रदर्शन करते लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** मणिपुर में बीते लंबे समय से आदिवासी समुदाय के साथ हो रही हिंसा व दो युवतियों के साथ घटित अमानवीय घटना के विरोध में रविवार को चंदवा में आदिवासी संगठनों एवं संस्थाओं के द्वारा रोषपूर्ण प्रदर्शन करते हुए जनाक्रोश मार्च निकाली गयी। मार्च की शुरूआत स्थानीय मिशन प्रांगण से हुई, जो इंदिरा चौक होते पुनः मिशन प्रांगण पहुंच कर सम्पन्न हो गई। मार्च की अगुवाई विश्व आदिवासी दिवस आयोजन समिति के अध्यक्ष सुमन सुनील सोरेंग, शीतमोहन मुंडा, स्टीफन मिंज, विनय खलखो ,जितेंद्र सिंह, विनोद भगत, फादर इमानुएल केरकेट्टा, फादर जोसेफ एक्का, लाल बिहारी उरांव, अनूप कुमार बड़ाईक, कुलदीप लकड़ा आदि लोग कर रहे थे। जन आक्रोश मार्च में शामिल सैकड़ों की संख्या में युवतियों-महिलाओं व लोगो ने केंद्र की मोदी सरकार व मणिपुर सरकार के खिलाफ रोष प्रकट किया। इस दौरान मणिपुर में तत्काल राष्ट्रपति शासन लगाकर आदिवासी समाज के साथ हो रहे हिंसा को रोकने, मणिपुर के मुख्यमंत्री को तत्काल इस्तीफा देने, दो युवतियों के साथ घटित अमानवीय घटना में संलिप्त लोगो की तत्काल गिरफ्तारी करने समेत कई मांगे की गई। वक्ताओं ने कहा कि मणिपुर पिछले 3 माह से हिंसा की आग में झुलस रहा है वहीं देश के प्रधानमंत्री अपने चुनावी धुन में मस्त हैं। आदिवासी समाज के साथ हो रहे हैं हिंसा को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मौके पर प्रदीप उरांव, राजेश लकड़ा, इस्डोर तिग्गा, दीपक टोप्पो, बीरबल उरांव, अनिल लाकड़ा, सुरेश नाथ लोहरा, जगदीश एक्का, सिस्टर नीलम, सुचिता टोपनो, अनुपा मिंज, एंजेला सोरेंग, निर्मला बैक, क्लीमेंसिया लकरा, कलारा खलखो, सुषमा तिर्की समेत सैकड़ो लोग शामिल थे।

# मनिका प्रखंड में मणिपुर में घटी घटना के विरोध में निकाला गया कैंडल मार्च

- मणिपुर सीएम से की इस्तीफा देने की मांग


कैंडल मार्च में उपस्थित लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में अंबेडकर चेतना मंच के बैनर तले मणिपुर राज्य में आदिवासी महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने की घटना के विरोध में अंबेडकर चेतना मंच के प्रखंड सचिव मिथिलेश पासवान के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च में शामिल सभी लोग अपने हाथों में तख्तियां लेकर भाजपा मुदाबार्द, प्रधानमंत्री इस्तीफा दो,मणिपुर राज्य के मुख्यमंत्री इस्तीफा दो,मणिपुर राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करो,समेत इत्यादि नारे लगा रहे थे। वहीं कैंडल मार्च का नेतृत्व कर रहे मिथिलेश पासवान ने कहा कि हमारे देश में महिलाएं सुरक्षित नहीं है एक तरफ सरकार का नारा है कि बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ लेकिन देश में मोदी सरकार ने इस नारा को सीमित कर दिया है। आज हमारे देश में बेटियां कहीं भी अकेले जाने से डरती हैं जिस तरह से मणिपुर में आदिवासी महिलाओं को निर्वस्त्र कर उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण बात है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार जल्द से जल्द इंसानियत को शर्मसार करने वाले अपराधियों को फांसी की सजा दिलाएं और मणिपुर राज्य के मुख्यमंत्री को इस्तीफा देना होगा अगर सरकार जल्द से जल्द इन सभी मुद्दों पर कार्रवाई नहीं करती है तो हम लोग उग्र तरीके से आंदोलन करने को बाध्य होंगे। मौके पर मनिका पूर्वी जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह, सविता दास, विजेंद्र पासवान, विशाल पासवान, मिथिलेश कुमार रवि, बबलू कुमार, सोनू कुमार, समेत कई लोग उपस्थित थे।

### पति-पत्नी के आपसी विवाद में पत्नी ने की आत्महत्या



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पुरनी हेरहंज में पत्ति पत्नी की आपसी विवाद में पत्नी ने गमछे से लटक कर आत्महत्या करली। मृतक सुमन देवी उम्र 20 वर्ष की शादी एक साल पूर्व हुई थी। सुमन का माइके चंदवा के गाँव लुकुईया में है। सुमन कुछ महीनों पहले भी आत्महत्या की प्रयास की थी। लेकिन बीच बचाव करते हुए बिफल रही। गत 29 जुलाई शनिवार की रात्रि में गाँव में ही डीजे बाजा बज रहा था तो वो अपने पति को बुलाने गयी जिसके बाद पति घर आया और थोड़ा तू तू में में हुआ और खाना भी खाया और दोनों अलग अलग सो गये। रविवार सुबह जब हुआ तो पता चला कि दरवाजा बंद है तब मृतक के पति के द्वारा पता चला तो गांव वाले लोग जुट गए। कुछ ही देर बाद पुलिस प्रशासन आए पूछताछ करते हुए शव को अपने कब्जे में लिया एवं शव को लातेहार पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# शांतिपूर्ण माहौल में मना मुहर्रम निकली भव्य ताजिया व अखाड़ा जुलूस

**सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन रही मुस्तैद**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** इस्लाम धर्मावलंबियों के द्वारा मनाया जाने वाला मुहर्रम रविवार को भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। जिसकी तैयारी पिछले कई दिनों से की जा रही थी। बता दें कि मुहर्रम हजरत इमाम हुसैन के शहादत की याद में मनाया जाता है। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के द्वारा ताजिया जुलूस निकाला गया और जिला मुख्यालय में भ्रमण किया। जिसे अखाड़ा जुलूस भी कहा जाता है। अखाड़ा जुलूस में युवाओं की टोली पारंपरिक हथियार के साथ चल रहे थे। अखाड़ा में युवाओं के द्वारा कला का प्रदर्शन भी किया गया। लाठी, तलवार व अन्य पारंपरिक हथियार भांजने की कला का प्रदर्शन किया। आकर्षक और हैरतअंगेज करतब दिखाए। जिला मुख्यालय सहित कई अन्य जगहों के कमिटियां तय समय पर अपने अपने स्थान से ताजिया निकाला और शहर में भ्रमण किया। ताजिया जुलूस में सैकड़ो की संख्या में लोग साथ चल रहे थे। इसी दौरान जगह जगह करतब दिखाते हुए आगे बढ़ते गए। इन कमिटियों ने बेहद ही खूबसूरत और आकर्षक ताजिया का निर्माण कराया था। पिछले कई दिनों से ताजिया बनाने का काम चल रहा था। वहीं युवाओं की टीम ने पारंपरिक हथियार से करतब दिखाते हुए सबको हैरान कर दिया।

**सुरक्षा के किए गए थे पुख्ता इंतजाम :** एसपी अंजनी अंजन कें निर्देश पर पुनि सह थाना प्रभारी आशुतोष कुमार के नेतृत्व में जुलूस निकाला गया। मुहर्रम को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। प्रशासन ने शांतिपूर्ण माहौल में मुहर्रम मनाने की तैयारी कर रखी थी। शहर के चौक चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। इसके अलावा पुलिस टीम पुरे शहर में गस्ती करते नजर आई। वहीं जुलूस में पुअनि दिवाकर धोबी, रोहित कुमार, देवानन्द कुमार, राजरौशन सिन्हा, गौरव सिंह समेत सशस्त्र बल के जवान उपस्थित थे।

# चंदवा के परसाही में भव्य शिव चर्चा का हुआ आयोजन


शिव चर्चा में उपस्थित लोग।

**खबर मन्त्र संवददाता**

**चंदवा।** कामता पंचायत के परसाही स्कूल प्रांगण में शिव चर्चा और भजन का आयोजन किया गया। शिव चर्चा का संचालन तिर्पू प्रजापति कर रहे थे। इस शिव चर्चा का आयोजन प्रदीप साव ने किया था। इस चर्चा में बोलते हुए सामाजिक कार्यकर्ता दीपू कुमार सिन्हा ने कहा कि इस सृष्टि में जब भी कोई संकट आया है उसे भगवान शिव ही दुर किए हैं, शास्त्रों के अनुसार जब समुद्र मंथन हुआ तो सबसे पहले विष निकला, जिससे तीनों लोक आकाश, पृथ्वी व पताल में हाहाकार मच गई, ऐसे में भगवान शिव ने विष को गले में धारण कर पुरी सृष्टि का कल्याण किया। इसी के बाद भगवान शिव निलकंठ कहलाए, इस प्रकार शिव ही पुरे सृष्टि के रक्षक हैं। शिव भगवान काफी दयालू हैं जो भी इनको याद करते हैं उनके संकट दूर करते है। मौके पर तिर्पू प्रजापति, चंद्रिका वर्मा, अरुण कुमार विश्वास, नुनू मल्हार, मुकेश कुमार सिंह, गुरू बहन आरती विश्वास, अंजू देवी, शीला देवी, दिनेश साव, गोपाल प्रसाद गुप्ता ने शिव पर चर्चा करते हुए कहा कि शिव को गुरु मानकर उनके महिमा का गुणगान करें, दुख होने पर शिव भगवान को याद करें, अंधविश्वास झाड़ फूंक़ के चक्कर में न पड़ें शिव ही दुख को हरने वाले हैं, शिव भक्ति का मार्ग कल्याण कारी है, इसे जनजन में पहुंचाने की आवश्यकता है, शिव सबके साथ सामान्य रूप से प्रेम और दयालु के भाव रखते थे। अंत में सभी के बीच प्रसाद वितरित की गई। इस चर्चा में कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, आयोजक प्रदीप साव, राजू साव, महेंद्र गंझु, विजय शर्मा, पवन कुमार, रविशंकर गंझु, राधेश्याम साव, राजेश गंझु समेत बड़ी संख्या महिला पुरुष शामिल थे।

# बरवाडीह प्रखंड में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ मुहर्रम का जुलूस

- धार्मिक भावनाओं के साथ देशभक्ति भी आयी नजर


सिरनी वितरण करते नौजवान कमेटी के सदस्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** हजरत इमाम हसन हुसैन की सच्चाई के प्रति बलिदान की याद में मुहर्रम पर्व क्षेत्र में शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में शनिवार को संपन्न हो गया। इस अवसर पर प्रखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों से ताजिया जुलूस निकाला गया। जुलूस के दौरान मुस्लिम भाईयों द्वारा हसन हुसैन के शहादत के नारों के साथ सारे इलाके का भ्रमण किया गया। बरवाडीह के गढ़वाटांड़, बाजार, गुलजारबाग, शहीद भगत सिंह चौक, रेलवे कॉलोनी, अहीरपुरवा और छेंचा सहित कई स्थानों पर आकर्षक ताजियो के साथ जुलूस निकाला गया। वहीं विभिन्न इलाकों से निकाली गई ताजिया का मिलान देर शाम रेलवे कॉलोनी के बाबा चौक पर किया गया। इधर देर शाम निकाली गई जुलूस को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए जगह-जगह पुलिस बल मौजूद रहा। बीडीओ राकेश सहाय और थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह पूरे दिन पुलिस बल के साथ सभी अखाड़ों का भ्रमण करते रहे। उधर नौजवान कमेटी बरवाडीह के द्वारा बाबा चौक में लगाए गए लंगरखानी में सदर शाहिद हुसैन, सेक्रेटरी मोहफिज आलम, नायब सदर मोहसिन इकबाल, नफीश कादरी, मोंटी, रॉकी और बंटी का योगदान सराहनीय रहा।

# सरयू में शांतिपूर्वक मनाया गया मुहर्रम


आकर्षक ताजिया।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गाजे बाजे के साथ शांतिपूर्वक एवं हर्षोल्लास के साथ मुहर्रम पर्व मनाया गया। प्रखंड क्षेत्र के रोल, पतरातु एवं सरयू से ताजिया के साथ या अली या हुसैन के नारे लगाते हुये सरयू टीओपी के पास ताजिया धारियों ने ताजिया का मिलान कर निर्धारित मार्ग से होते हुये सरयू इमामबाड़ा पहुंचकर फातिहा खाने किया गया। साथ ही हजारों संख्या के बीच में खिलाड़ियों ने अनेकों तरह की खेल का प्रदर्शन किया। वहीं कर्बला में पहुंच कर पर्व को संपन्न किया गया। मोहर्रम पर्व को शांतीपुर्ण तरीके से सपन्न कराने को लेकर जगह-जगह पर पुलिस प्रशासन मौजूद थे। वहीं सरयू, रोल एवं पतरातु मोहर्रम के इंतजामिया कमेटी के द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं मुख्य अतिथि को पगड़ी पोसी कर स्वागत किया गया। इस मौके पर जिप सदस्य बुधेश्वर उरांव, पुलिस अवर निरिक्षक शाहीद अंसारी, टीओपी प्रभारी धनश्याम उरांव, मजिस्ट्रेट दिलीप पाल, प्रमुख अमिता देवी, मुखिया अंकिता देवी, प्रमिला देवी, बीस सुत्री सदस्य उमेश प्रसाद, अब्दुल खुदुस, शोकत अली, मुसलिम अंसारी, शाबीर अंसारी, इजराईल खलिफा, कमरूद्दीन खलिफा, अख्तर हुसैन समेत अन्य लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# बालूमाथ एसडीपीओ अजित कुमार को आइपीएस में प्रोन्नति


एसडीपीओ अजीत कुमार।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार का आईपीएस में प्रोन्नति मिलने के बाद बालूमाथ के लोगों ने इनके कार्यकाल की सराहना की है अजीत कुमार एक सितंबर 2020 को अपना योगदान दिया था लगभग 3 वर्ष के कार्यकाल में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश में पब्लिक के बीच मृदभाषी एवं उग्रवाद अपराध पर शिकंजा कसने में सफल रहे हैं। इनके कार्यकाल में एक भी निर्दोष व्यक्ति जेल नहीं गया और कोई भी दोषी अभियुक्त को छोड़ा नहीं गया है। बालूमाथ खनिज संपदा से भरा पूरा होने के बावजूद इस क्षेत्र में अपराध, उग्रवाद, दंगा, चोरी, सड़क दुर्घटना समेत कई चुनौतियों होने के बाद सारी चुनौतियों को स्वीकार करते हुवे बेदाग होकर आईपीएस का प्रमोशन लिया। इनके द्वारा अभी तक जो उपलब्धि हासिल की गई है उसमें बालूमाथ थाना कांड संख्या 226/ 20 में पीएलएफआई के दो उग्रवादियों को एके-47 के साथ गिरफ्तार करना, बालूमाथ थाना कांड संख्या 22/21 पिस्टल के साथ एक उग्रवादी को गिरफ्तारकरना, थाना कांड संख्या 96 /21भारी मात्रा में अफीम बरामद व राकेश साव को गिरफ्तार कर जेल भेजना, माओवादी के फरार अभियुक्त बालक गंझू को गिरफ्तार कर जेल भेजना, बालूमाथ में चर्चित हत्याकांड जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष दिलशेर खान हत्या कांड का उद्भेदन करते हुए 6 अभियुक्त को गिरफ्तार एवं भारी मात्रा में हथियार एवं कारतूस बरामद करना, मासियातू सुनीता देवी हत्याकांड का उद्भेदन करते हुए 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजना, बालूमाथ में शांति व्यवस्था को बराबर बहाल रखने को लेकर सद्भावना कमेटी का गठन करवाना, शामिल है। बधाई देने वाले लोगों में जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्या उरांव,भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, कॉन्ग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अमीर हयात, राजद नेता श्याम सुंदर यादव, राजेंद्र प्रसाद साहू, शब्बीर, उपेंद्र यादव, अरविंद यादव ,मोतिउर रहमान, मोहम्मद जुबेर, रवि रजक, मनान कुरैशी, रवि सिंह, शैलेश सिंह, मुखिया नरेश लोहरा, प्रयाग साहू, अर्जुन कुमार, नामेश्वर कुमार समेत कई लोग शामिल है।

